मेजर शैतान सिंह की स्मृति में शौर्य पराक्रम यात्रा कल जोधपुर से रवाना होगी

जोधपुर, (कासं) । मेजर शैतान सिंह शैतान सिंह शताब्दी वर्ष एवं 63 वें शौर्य बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में 17 जून को जोधपुर से रेजांगला तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

मेजर शैतान सिंह रेजांगला शौर्य समिति जोधपुर के मुख्य संयोजक विष्णुचन्द्र प्रजापत तथा समिति के अध्यक्ष एन.डी. निम्बावत एडवोकेट ने यह जानकारी आज पत्रकार वार्ता में दी।

उन्होंने बताया 17 जून को प्रात: 7:00 बजे कागा स्थित मेजर शैतान सिंह के अन्तिम संस्कार स्थल (थड़ा) पर मेजर शैतान सिंह परमवीर चक्र मेमोरियल फाउडेशन कागा के अध्यक्ष कुंभ सिंह चांपावत, उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह राठौड़, सचिव नरेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये जायेंगे। उसके पश्चात रेली के रूप में नागौरी गेट, शिप हाउस, खेतसिंह बंगला होते हुए पावटा स्थित मेजर शैतान सिंह स्मारक पर पहुंच कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके पश्चात रेजांगला युद्ध में जीवित बचे वीर योद्धाओं का अभिनन्दन किया जाएगा। इसके पश्चात सावन सिंह रोहिला निदेशक शहीद सेवा दल हरियाणा के नेतृत्व में शौर्य तिरंगा यात्रा पावटा से रवाना होकर सोजती गेट, रेलवे स्टेशन, ओलम्पिक रोड़, जालोरी गेट, सोजती गेट, पावटा, महामन्दिर, होते हुए मण्डोर पहुचेगी। इसके बाद यह यात्रा देश के विभिन्न प्रदेशो से होते हुए 23 जुलाई को भारत-चाईना बॉडर रेजांगला लद्दाख पहुंचेगी। जहां गंगाजल से अभिषेक किया जाएगा।शौर्य तिरंगा यात्रा का समापन 02 अगस्त को नई दिल्ली नेशनलवार मेमोरियल पर होगा।

मेजर शैतान सिंह शैतान सिंह शताब्दी वर्ष एवं 63 वें शौर्य बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में जोधपुर से रेजांगला तक निकलने वाली शौर्य तिरंगा यात्रा के बैनर का लोकार्पण किया।

शौर्य तिरंगा यात्रा के बैनर के लोकार्पण पर आज होटल घूमर में समिति संरक्षक मेजर शैतान सिंह के सुपुत्र नरपत सिंह भाटी, एयर मार्शल जगदीश चन्द्रा (से.नि.), मेजर जनरल संजय रिहानी (से.नि.), कर्नल भोजराज सिंह राठौड़ (से.नि.), नारायण सिंह जोधा भारतीय वायुसेना (से.नि.), केप्टन जसवंत सिंह चांपावत (से.नि.), मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा, समिति के अध्यक्ष एन.डी. निम्बावत, उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह राठौड़, मुख्य संयोजक विष्णुचन्द्र प्रजापत, संयोजक जगदीश यादव, सह सयोजक राजकुमार यादव, नरेन्द्र सिंह राठौड़ आदी, चेतन यादव, राजेश कुमार एडवोकेट आदि उपस्थित थे।

1962 भारत-चीन रेजांगला युद्ध एक नजर में

मारवाड़ की धरा सूर्यनगरी जोधपुर के वीर सपूत मेजर शैतान सिंह 1962 भारत-चीन युद्ध में भारत के 124 सैनिको की टुकड़ी के साथ 17000 फीट ऊंचाई पर भारत-चीन सीमा रेजांगला पर तैनात थे। 18 नवम्बर, 1962 को चीन के 3000 से अधिक सैनिकों ने अचानक रेजांगला पोस्ट पर आक्रमण कर दिया।

एक तरफ सर्दी के मौसम में बर्फबारी के कारण से आवगमन के सम्पर्क कट जाते थे उसके साथ ही सीमित मात्रा में गोला बारूद थे, इतनी दुर्गम ऊंचाई पर राहत व सैन्य सामान पहुंचाना कठिन होता था फिर भी मेजर शैतान सिंह के नेतृत्व में 120 अहीर सैनिकों व 4 अन्य सैनिको के साथ अपने अद्य साहस शौर्य का परिचय देते हुए चीनी सैना से लोहा लेते हुए देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे। उनके पास गोला बारूद खत्म होने के बाद प्रत्येक भारतीय सैनिक ने दो-दो चीनी सैनिकों को अपनी भुजाओं में दबाकर मौत के घाट उतार दिया।

इस युद्ध में भारतीय सेना के वीर युद्धाओं ने चीन की सेना के 1300 सैनिक को मौत के घाट उतारते हुए इस युद्ध में भारत के 114 सैनिक वीर गति को प्राप्त हुए। बर्फबारी समाप्त होने पर 84 दिन बाद सभी भारतीय सेना रेजांगला पहुँची तो चीन के 1300 सैनिक एवं भारत के 114 सैनिकों के शव बर्फ में दबे हुए थे।

भारत सरकार द्वारा मेजर शैतान सिंह को अदम्य साहस एवं शौर्य का परिचय देते हुए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र से सुशोभित किया गया। स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने ए मेरे वतन के लोगों देश भक्ति गीत के माध्यम इस युद्ध को आमजन तक पहुंचाया है।

समिति के सह संयोजक जगदीश यादव ने बताया कि रेजांगला युद्ध में जीवित वीर योद्धा कप्तान रामचन्द्र यादव, हवलदार निहाल सिंह यादव सेना मेडल, हवलदार गजेसिंह यादव, रेजांगला पर पुस्तक लिख चुके कुलप्रीत यादव, कैप्टन नरेश चैहान, श्यामलाल यादव व राजेंद्र सिंह लिलिया एवं शहीद सेवा दल के सावन सिंह रोहिला का अभिनंदन किया जाएगा।

समिति के सह संयोजक राजकुमार यादव ने बताया कि यह शौर्य यात्रा जोधपुर से झंझुनूं पहुंचकर राजस्थान के विभिन्न जिलों से होते हुए अलवर, बहरोड़, तिजारा आदि क्षेत्र में रेजांगला युद्ध के वीर शहीदों के परिवार के सदस्यों को सम्मानित करते हुए देश के 29 जिला मुख्यालयों से होते हुए 23 जुलाई को रेजांगला लद्दाख अहीर धाम पहुंचेगी तथा वहाँ से 2 अगस्त को नेशनल वॉर मेमोरियल नई दिल्ली में यात्रा का समापन होगा।

शौर्य पराक्रम तिरंगा यात्रा को लेकर कमेटी के अध्यक्ष एन.डी. निम्बावत, मुख्य संयोजक विष्णुचन्द्र प्रजापत, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौड़, संयोजक जगदीश यादव सह संयोजक नरेंद्र सिंह राठौड़, एडवोकेट राजकुमार यादव व विजय शर्मा आदि तैयारियों में जुटे हुए हैं।

पीपा जयंती महोत्सव संपन्न

पीपा जयंती महोत्सव के आयोजन में सहयोग करने वाले समाजसेवियों तथा भामाशाहों का सम्मान किया।

जोधपुर, (कासं) । पीपा जयन्ती महोत्सव 2025-का समापन समारोह रविवार को श्री समस्त पीपा क्षत्रिय न्याति ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

रातानाडा स्थिति पीपा क्षत्रिय न्याति भवन में आयोजित इस समापन समारोह में सर्वप्रथम अतिथियों ने संत पीपाजी महाराज के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपकोषाध्यक्ष प्रेम कुमार चौहान ने आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया। इस अवसर पर पीपा जयन्ती महोत्सव के आयोजन में सहयोग करने वाले समाज सेवियों तथा भामाशाहों का सम्मान किया गया।

मंचासन अतिथी राजेंद्र सोलंकी, एडवोकेट प्रकाश पवार, चंद्रप्रकाश दहिया, जगदीश तंवर, नरेंद्र सोलंकी,मदन सोलंकी, जसराज गोयल ने समारोह को संबोधित किया।

पूर्व अध्यक्ष भंवरलाल दहिया,पार्षद कब्बूलाल दहिया, हनुमान चावड़ा, बाबूलाल गोयल, लिखमाराम परिहार सहित पीपा क्षत्रिय समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौके महिलाओं की भागीदारी सराहनीय रही। सचिव नरेश सोलंकी ने मंच संचालन किया। अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा ने आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

बालोतरा में श्रमदान किया

बालोतरा, (नि.सं.)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान" को लेकर गृह मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म एवं उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री के. के. विश्नोई की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व बेढ़म ने जिला कलक्टर कार्यालय परिसर में पौधारोपण कियाां इस दौरान जलग्रहण विकास विभाग के अधीक्षण अभियंता घनश्याम सिंह राठौड़ ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के दौरान जिले के आयोजित विभिन्न गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से सदन के समक्ष रखी।

बेढ़म ने बालोतरा जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जल अवसंरचनाओं का सिवाना विधायक हम्मीर सिंह भायल, पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी के साथ अवलोकन किया।

जवाहर सिंह ने नागणेची माता मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। बेढ़म पटाऊं खुर्द गांव पहुंचे और जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत सीधे स्थानीय तालाब पर चल रहे श्रमदान में शामिल हुए।

श्रमदान के पश्चात गृह राज्यमंत्री ने ग्रामीणों को तुलसी के पौधे वितरित किए व संबोधित किया।

इस अवसर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्नर सिंह चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष भरत मोदी समेत कई जने उपस्थित रहे।

एक ही मोहल्ले के दो बच्चे नीट यूजी परीक्षा में पास

भीनमाल के महावीरसिंह तथा पलक कंवर ने कट ऑफ से अधिक अंक से परीक्षा उत्तीर्ण कर सरकारी मेडिकल कॉलेज से एम.बी.बी.एस. करने के लिए क्वालिफाई किया। फोटो-राष्ट्रदूत

भीनमाल, (नि.सं.)। देश भर में चल रहे मेडिकल और डेंटल कॉलेजों (सरकारी या निजी) के एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष, पशु वेटनरी आदि पाठ्यक्रमों में स्नातक प्रवेश नीट यूजी के परीक्षा परिणाम के आधार पर होता है। जिसकी मई 2025 में आयोजित परीक्षा का परिणाम शनिवार 14 जून को ऑफिशियल साइट पर जारी किया गया जिसमें भीनमाल के महावीरसिंह पुत्र स्वर्गीय मदनसिंह राव और पलक कंवर पुत्री इंद्रसिंह राव ने कट ऑफ से अधिक अंक प्राप्त कर परीक्षा को उत्तीर्ण किया। दोनों ही अभ्यर्थी सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस करने के लिए क्वालिफाई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों धोराढाल स्थित एक ही मोहल्ले के निवासी हैं अच्छे परिणाम से इनके परिवार समेत पूरे मोहल्ले में खुशी का माहौल हैं। महावीरसिंह पुत्र स्वर्गीय मदनसिंह राव ने अपने नीट यूजी में 720 में से 541 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया 7525 वीं कैटेगरी रैंक हासिल की हैं।

महावीर लंबे समय से जयपुर रहकर अध्ययन कर रहा था। छात्र पिछले दो - तीन प्रयासों में न्यूनतम अंकों से एमबीबीएस में प्रवेश से रह रहा था उसे बीडीएस आदि में प्रवेश तो मिल रहा था लेकिन एमबीबीएस उसका लक्ष्य था। जिसे महावीर सिंह ने दृढ संकल्प और गंभीर धैर्य के साथ सतत मेहनत से हासिल किया।

छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने बड़े भाई महीपालसिंह (वाराह मोटर्स सुजुकी) व मानवेंद्रसिंह को दिया और कहा कि बड़े भाईयों ने इस लंबी यात्रा में पिता की छाया बनकर मुझे सारी अनुकूल परिस्थितियां प्रदान की।

विद्यार्थी के पिता स्वर्गीय मदनसिंह पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष और प्रभावी भाजपा नेता थे। महावीर सिंह आगे डॉक्टर बनकर कार्डियोलॉजी फील्ड में रिसर्च करना चाहते हैं।

पलक कंवर राव पुत्री इंद्रसिंह आर्य ने अपने नीट यूजी में में से 541 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया कैटेगरी में 7384 रैंक हासिल की हैं।

छात्रा ने दसवीं के बाद कोटा रहकर तीन साल पढाई की और अपने पहले ही ड्रॉप में नीट यूजी परीक्षा में सफलता हासिल की हैं।

पलक ने इसका श्रेय अपने माता - पिता को दिया हैं और कहा कि मेरी माताजी ने कोटा मेरे साथ रहकर मुझे घर जैसा माहौल दिया।

पलक कंवर ने कहा कि भटकाव से दूर रहकर की गई लक्ष्य केंद्रित मेहनत से ही सफलता हासिल हो सकती हैं।

छात्रा के दादा गुमानसिंह वरिष्ठ भाजपा नेता हैं और पिता आर्य समाज से जुड़े हैं।

भाजपा रेवदर मंडल सभा हुई

रेवदर, (निसं)। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आज भारतीय जनता पार्टी रेवदर मंडल द्वारा संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत राजगढ़ स्थित गोगाजी मंदिर परिसर में आम सभा का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता डायालाल एवं वरिष्ठ नेता आत्माराम , प्रदेश मंत्री प्रकाश मेघवाल का आतिथ्य रहा। मंडल अध्यक्ष हरीश न अध्यक्षता की। कार्यक्रम सह संयोजक अशोक ने बताया कि मुख्य वक्ता डायालाल दवे ने केंद्र सरकार के 11 सालों की उपलब्धियों पर चर्चा की।

वरिष्ठ भाजपा नेता आत्माराम ने कहा कि यह आयोजन विकसित भारत का अमृतकालरू सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल थीम पर आधारित है। उन्होंने मोदी की अनेकों योजनाओं पर प्रकाश डाला। प्रदेश मंत्री प्रकाश मेघवाल कहा कि जब से मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने हैं, समाज , युवा वर्ग महिला उत्थान एवं विभिन्न क्षेत्रों में उन्होंने स्वर्णिम निर्णय लेते हुए विकास कार्यो का इतिहास रचा हैं।

मंडल अध्यक्ष हरीश ने आम सभा के सफल आयोजन के लिये सभी आमजन और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया और मोदी सरकार की योजनाओं को घर घर पहुंचाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दशरथ सोनी ने किया।

कार्यक्रम के अंत में अहमदाबाद और कैदारनाथ प्लेन हादसें में मारे गये लोगो की आत्मा की शांति के लिये 2 मिनिट का मौन रख श्रदांजलि दी गयी,

इस दौरान मंडल महामंत्री रावताराम मंडल संयोजक धनराज , उपाध्यक्ष ईश्वर , मंत्री प्रह्लाद, व्यापार प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक नटवर लाल , पोपट महेंद्र , जवानमल , शंकरा, मफतलाल , बाबू , काना राम हीरा, रणछोड सहित कई भाजपा नेता एवं आमजन उपस्थित रहे।

विमान हादसे के मृतक के परिजनों को सांत्वना दी

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म व उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले धोरीमन्ना के बोर चारणान निवासी जयप्रकाश के परिजनों को ढांढस बंधाया। फोटो-राष्ट्रदूत

बाड़मेर, (नि.सं.)। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म और उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने रविवार को अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले धोरीमन्ना के बोर चारणान निवासी जयप्रकाश के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

दोनों मंत्रियों ने स्व. जयप्रकाश के परिवार को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इस दु:ख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यह घटना बहुत ही हृदय विदारक और पीड़ादायक है। उन्होंने मृतक के पिता धर्माराम जाट को गले लगाकर सांत्वना प्रदान की तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस दौरान विधायक आदूराम मेघवाल, प्रियंका चौधरी, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कैलाश चौधरी समाजसेवी अनंतराम विश्नोई, स्वरूपसिंह खारा, बलवीर मूंढ सहित अन्य लोगों ने भी सांत्वना प्रदान की।

उल्लेखनीय है कि डॉ. जयप्रकाश पुत्र धर्माराम जाट निवासी बोर चारणान अहमदाबाद में रहकर एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे जिनका 12 जून को अहमदाबाद विमान हादसे में निधन हो गया था।

विधायक भाटी ने अधिकारियों की बैठक ली

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर में विधायक छोटूसिंह भाटी द्वारा विधायक कार्यालय में बिजली निगम के अधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर भाजपा जिला अध्यक्ष दलपत हिंगड़ा सहित कई जने उपस्थित रहे।

बैठक में जनसुनवाई के दौरान मिली विभिन्न विद्युत समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक विचार कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में विधायक छोटूसिंह भाटी ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में बिजली की आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का तुरंत समाधान करें, जिससे आमजन को होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके।

शहर मे उपभोक्ताओं को शनिवार को रिडिंग लेकर दिए गए बिल मे आडिट पेरा के नाम पर 4 हजार रूपए जोड कर बिल दिए गए है।

मीटर रीडर ने बताया कि निगम द्वारा पिछले तीन महीनों में दी गई मुख्य मंत्री निशुल्क बिजली का भुगतान वापिस लिया जा रहा है।

वरिष्ठ नागरिक नारायणसिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं के साथ धोखा हो रहा है।

नशे के विरुद्ध जनसंकल्प

रानीवाड़ा,(नि.सं.)। जोधपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विकासकुमार और जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिलेभर में शनिवार को नशाविहान जन जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई।

समाज में गहराई तक फैले नशे के खिलाफ यह एक सामूहिक जनसंकल्प है, जिसके सकारात्मक परिणाम जिले के सभी 36 सामाजिक वर्गों में स्पष्ट रूप से देखे जा रहे हैं।

इस अभियान की शुरुआत रानीवाड़ा वृत से हुई, जहां वृताधिकारी भवानीसिंह इंदा और थानाधिकारी दीपसिंह चौहान ने जाखड़ी गांव में कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

ग्रामीणों को अफीम, डोडा, स्मैक सहित अन्य मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने और नशा कर चुके लोगों को भी उपचार व सुधार की राह दिखाने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का संयोजन जिला सीएलजी सदस्य छोटूसिंह देवड़ा ने किया। इस मौके पर सरपंच बबीदेवी ठाकोर, भाजपा नेता फुलसिंह देवड़ा, पूर्व सरपंच नरपतसिंह देवड़ा, कैलाश राव, मोतीभाई मोदी, गोवाराम मेघवाल, बाबूसिंह देवड़ा, नरेश दर्जी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

इसी क्रम में मालवाड़ा चौकी पर भी नशाविहान अभियान की शुरुआत हुई। हैड कांस्टेबल पदमसिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक शपथ ली।

सांईजी वेरी दरगाह के मुजाविर सदीकबक्स, प्रताप पुरोहित, मदनसिंह देवल, प्रेमसिंह सहित कई सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बायतु में रोलसाहबसर की स्मृति में सभा की

बालोतरा, (नि.सं.)। श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर की स्मृति में बायतु में श्री सैनजी महाराज मंदिर के सार्वजनिक सभागार में बायतु क्षेत्र के सर्व समाज की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में चन्दन सिंह चान्देसरा, पूर्व सरपंच हनवंत सिंह नोसर,जालम सिंह अकदड़ा व पूर्व सरपंच देवी सिंह सणपा ने भगवान सिंह रोलसाहबसर की तस्वीर के सामने दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण किया ।

कार्यक्रम के आरंभ में चन्दन सिंह चान्देसरा ने भगवान सिंह रोलसाहबसर की जीवन यात्रा को विस्तार पूर्वक बताते हुए उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डाला और बताया कि रोलसाहबसर ने न केवल श्री क्षत्रिय युवक संघ के संगठन को मजबूती और व्यापकता प्रदान की बल्कि उन्होंने सर्व समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारा स्थापित करने हेतु सकारात्मक भाव से सामंजस्य बिठाने का प्रयास किया ताकि संसार में विष तत्व का विनाश हो और मनुष्यों में देवीय गुणों का प्रादुर्भाव व संवर्धन हो जिससे संसार में आपसी स्नेह, अपनत्व और आत्मीयता का वातावरण निर्मित किया जा सके। चान्देसरा ने बताया कि रोलसाहबसर से कोई व्यक्ति एक बार जुड़ जाता था ताउम्र उनका सानिध्य प्राप्त करने के लिए सदा लालायित रहता था। हर व्यक्ति के साथ में उनकी आत्मीयता, अपनत्व और पारिवारिक भाव था ।

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बायतु पंचायत समिति के प्रधान सिमरथाराम बेनिवाल ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि रोलसाहबसर ने नौजवानों में अनुशासन,मर्यादा और नैतिक मूल्यों के संस्कारों की शिक्षा दी। उनसे मिलने का मुझे भी अवसर मिला था। वे असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे। उनके द्वारा किए गए कार्यों की समाज व देश के सदैव आवश्यकता बनी रहेगी। सरलता, सादगी और अनुशासन के साथ साथ समय के पाबंद थे। हर कार्यक्रम को निश्चित समय पर प्रारंभ कर देते थे और गज़ब का अनुशासन होता था। आज ऐसे ही नेतृत्व की आवश्यकता है।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री क्षत्रिय युवक संघ के पदाधिकारी मूल सिंह चान्देसरा ने अपने उद् गार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान सिंह रोलसाहबसर ने युवाओं को नशे की प्रवृत्ति और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने की शिक्षा दी जिसके कारण हजारों युवा समाज में फैली सामाजिक कुरीतियों और नशे की प्रवृत्ति को त्याग कर आदर्श समाज की स्थापना में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं , उन्होंने जो रास्ता बताया है वह हर समाज के हर व्यक्ति के लिए अनुकरणीय है।उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर हम हमारे समाज, जीवन और परिवार को खुशहाल बना सकते हैं।

इस कार्यक्रम में मोहन सिंह सिसोदिया, मेघसिंह अकड़दा, एडवोकेट महावीर जीनगर हनवंत सिंह कोलू , श्रवण सिंह पनावड़ा, भोम सिंह चिड़िया , श्याम सिंह सिसौदिया,भाजपा मण्डल अध्यक्ष कुभाराम, आइदान सिंह सोमेसरा, महेंद्र जैन, गणपतसिंह साखला, चैनसिंह सिसोदिया, महेंद्र सिंह , नरपत सिंह, सुजान सिंह, हरि सिंह आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यों की समीक्षा

बाड़मेर, (नि.सं.)। गृह राज्य मंत्री जवाहर बेढ़म ने बाड़मेर दौरे के दौरान रविवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस विभाग के कार्यो को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि पुलिस को आम लोगों से सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए ताकि परिवादी सम्बंधित जगह से संतुष्ट होकर जाए।

उन्होंने कहा कि किसी पीड़ित के साथ हमारा भी व्यवहार रूखा होगा तो वह हमारी सही छवि लेकर नहीं जाएगा। हालांकि बाड़मेर पुलिस की ओर से नशा मुक्ति और नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने निर्देशित किया कि आम लोगों को लगना चाहिए कि पुलिस अपराधियों में डर और आमजन में विश्वास के सिद्धांत के साथ काम कर रही है।

बैङ्गक में उद्योग राज्य मंत्री के के विश्नोई, विधायक प्रियंका चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र सिंह चांदावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसराम बोस सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बरसाती पानी का सदुपयोग व वृहद स्तर पर पौधारोपण के निर्देश

बाड़मेर, (नि.सं.)। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म और उद्योग राज्य मंत्री केके विश्नोई ने रविवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान की समीक्षा की। उन्होंने इस अभियान के जल संरक्षण, जल के सदुपयोग और आगामी सीजन में बड़ी संख्या में पौधारोपण के निर्देश दिए।

गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जल को संरक्षित कर इसका सदुपयोग करना है। इसके साथ ही पुराने जलस्त्रोत का संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि बाड़मेर जिला लम्बे समय से पानी की कमी से जूझता रहा है और यहां के लोगों ने जल संरक्षण पर काफी काम किया है। लेकिन अगर हमने इस जल संरक्षण का परम्परा आगे नहीं बढ़ाया और नई पीढ़ी तक नहीं पहुंचाया, तो गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि इस अभियान में जन भागीदारी भी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि विभिन्न आईईसी गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जोड़ा जाए तभी यह अभियान जन अभियान का रूप लेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि गत बार की तरह इस जब अच्छी बारिश हो तो उस पानी को बेहतर ढंग से संरक्षित किया जा सके ताकि वह पानी पेयजल और सिंचाई के काम आ सके। इसके साथ ही जिस तरह तापमान बढ़ रहा है और ऑक्सीजन हमारे लिए प्राणवायु का काम करती है, तो हमें लोगों के पौधारोपण के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जिले में जितने भी जल स्त्रोत हैं, उनको एक-एक अधिकारी गोद ले और उनका संरक्षण का काम करे।

उन्होंने बताया कि सनातन संस्कृति में पानी को भी देवता का दर्जा दिया गया है इसलिए इसे बचाना हमारा कर्तव्य ही नहीं बल्कि धर्म है।

गृह राज्य मंत्री ने इस अभियान में धर्मगुरूओं को जोड़ने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धर्मगुरूओं को भी इस अभियान के माध्यम से जोड़ा जाना चाहिए ताकि उनके अनुयायी भी इससे जुड़ें। इसके साथ ही उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं को भी इस कार्यक्रम से जोड़ने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिला कलक्टर और एसडीएम की रात्रि चौपाल के अलावा विभागीय अधिकारियों को स्वयं की विभाग की जनसुनवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जो विभाग जनता से सीधे जुड़े हुए हैं उनको पृथक से अपने स्तर पर रात्रि चौपाल आयोजित करनी चाहिए और जनसमस्याओं का निराकरण करना चाहिए।

बेढ़म ने निर्देश दिए कि बाड़मेर शहर में नालियों के पानी के निकास की बड़ी समस्या है जिसकी वजह से कलेक्ट्रेट के आस पास और बलदेव नगर क्षेत्र में पान भर जाता है।

इसके लिए उन्होंने कहा कि इस पानी का सदुपयोग करना है इसका ड्रेनेज प्लान बनाना है। इसके लिए उन्होंने नगरपरिषद के सचिव को आगामी दो दिनों में ड्रैनेज प्लान बनाने के निर्देश दिए।

बैठक को सम्बोधित करते हुए उद्योग राज्य मंत्री के के विश्नोई ने कहा कि बाड़मेर जिले में जल संरक्षण के क्षेत्र में अच्छा काम हुआ है। कैच द रैन अभियान में तो हम पूरे देश में प्रथम स्थान पर आए हैं। उन्होंने कहा कि हमें इस अभियान को सिर्फ खानापूर्ति तक ही सीमित नहीं रखना है बल्कि इसे धरताल पर उतराकर मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप काम करना है। इसके साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर टीना डाबी ने अभियान के सम्बंध में जिले में हुए कार्यों की जानकारी दी। इसके बाद अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र सिंह चांदावत ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की जिले में हुए प्रगति के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया।

बैठक में विधायक प्रियंका चौधरी, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना, समाजसेवी अनंतराम विश्नोई सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी सहित कई जने उपस्थित थे।

आरोपी पकड़ा

जालोर, (कासं)। सायला पुलिस ने रविवार को नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के दर्ज प्रकरण व अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को मारकपुर (आन्धप्रदेश) से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। सुरेन्द्रसिंह नि.पु. थानाधिकारी पुलिस थाना सायला के नेतृत्व में गठित टीम ने वांछित अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र बिसाराम जाति सेन 22 वर्ष निवासी माण्डकवाना पुलिस थाना सायला को दक्षिण भारत से दस्तयाब किया।